भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1111

जिसका उत्तर सोमवार, 2 दिसम्बर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया गया

भारतीय स्टेट बैंक में कर्मचारियों की कमी

1111. श्री रामभुआल निषाद:
श्री वी.के. श्रीकंदन:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भारतीय स्टेट बैंक ने पिछले पांच वर्षों में अपने कर्मचारियों की संख्या में 25,000 की कटौती की है जिससे वहां कर्मचारियों की कमी हो गई है;

(ख) क्या कर्मचारियों की संख्या में कमी इस तथ्य के बावजूद हो रही है कि बैंकिंग क्षेत्र में सबसे कम छंटनी दर इसी बैंक में है, जो वित्तीय वर्ष 2024 के दौरान 1.43% थी;

(ग) क्या कर्मचारियों की कमी के कारण सुल्तानपुर जिले में कूरेभार शाखा सहित भारतीय स्टेट बैंक की सभी शाखाओं में ग्राहकों को छोटे-छोटे लेन-देन के लिए घटों इंतजार करना पड़ता है; और

(घ) अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती सहित स्थिति में सुधार हेतु सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (घ) : भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) सहित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) बोर्ड अभिशासित वाणिज्यिक संस्थाएं हैं। प्रत्येक पीएसबी में कार्यबल की आवश्यकता का निर्धारण संबंधित पीएसबी द्वारा विभिन्न कारकों, जिनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, व्यावसायिक आवश्यकताएं, कार्यकलापों का विस्तार, अधिवर्षिता और अन्य अनियोजित सेवा परित्याग शामिल हैं, को ध्यान में रख कर किया जाता है। तदनुसार बैंक द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति की जाती है और यह उनकी आवश्यकताओं के आधार पर वर्ष-दर-वर्ष अलग-अलग होती है।

एसबीआई के अनुसार, सुचारु परिचालन के लिए वर्तमान कर्मचारी पर्याप्त हैं और बैंक में कर्मचारियों की संख्या को समय-समय पर पूरा करने के लिए भर्ती अभियान पर्याप्त समय पहले चलाया जाता है।

इसके अलावा, बैंक ने सूचित किया है कि दिनांक 22.11.2024 की स्थिति के अनुसार, सुल्तानपुर जिले में कुल 101 कर्मचारी तैनात हैं। वहां एक नया क्षेत्रीय कार्यालय भी खोला गया है। इसके अतिरिक्त, ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करने के लिए सुल्तानपुर जिले की शाखाओं से 75 ग्राहक सेवा केंद्रों को सम्बद्ध किया गया है। बैंक के अनुसार, लेनदेन के स्वरूप के आधार पर इन शाखाओं में लेनदेन में औसतन 5-10 मिनट का समय लगता है।

*****